# BOHRA INDUSTRIES LIMITED

**CIN: L24117RJ1996PLC012912**
**Registered Office: 301, Anand Plaza, University Road, Udaipur, Rajasthan 313001**
**Email id: bil@bohraindustries.com, Phone: +91-294-2429513; Fax: +91-294-2429515**
**Website: http://www.bohraindustries.com**

---

**Date: 27/09/2025**

**To,**
**National Stock Exchange of India Limited**
Exchange Plaza Block G, C 1, Bandra Kurla Complex, G Block BKC, Bandra Kurla Complex, Bandra East, Mumbai, Maharashtra 400051

**NSE Symbol: BOHRAIND ISIN: INE802W01023**

**Sub: Regulation 30 and Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 ("SEBI Listing Regulations")-Newspaper Publication – Corrigendum to the Notice of the Annual General Meeting.**

Dear Sir,

Pursuant to Regulation 30 and 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, we enclose herewith copies of newspaper Publications in the Financial Express (English) and Hukmnama Samachar (Hindi) relating to Corrigendum to the notice of Annual General General Meeting of the company to be held on 30th September, 2025.

A copy of the said newspaper Publication is enclosed for your reference and record.

Thanking you,

Yours sincerely,
**For Bohra Industries Limited**

ATUL DAVE
Digitally signed by ATUL DAVE
Date: 2025.09.27 11:43:40 +05'30'

**ATUL DAVE**
**MANAGING DIRECTOR**
**DIN: 09696561**

Enclosed: As above.

हुक्मनामा समाचार रोजाना अपने वाट्सअप पर प्राप्त करने के लिए 9828010551 पर मैसेज करे


## राज्यपाल ने महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में ली बैठक

# भारतीय ज्ञान परपंरा का उपयोग कर बढ़ाएं बच्चों की बौद्धिक क्षमता : बागडे

**उदयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे ने कहा कि भारत ज्ञान की दृष्टि से सर्वाधिक समृद्ध है। वैज्ञानिकों, प्रोफेसर्स को चाहिए कि वे भारतीय ज्ञान परंपरा का शोध-अनुसंधानों में उपयोग करते हुए बच्चों की बौद्धिक क्षमता बढ़ाने पर ध्यान दें। राज्यपाल बागडे उदयपुर में शुक्रवार को महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय के अधिकारियों, विभागाध्यक्षों, संबद्ध महाविद्यालयों के अधिष्ठाताओं की बैठक को संबोधित कर रहे थे।



उन्होंने विश्वविद्यालय के अकादमिक ढांचे, नामांकन की स्थिति, छात्रवृत्ति योजनाओं से लाभान्वित विद्यार्थियों, परीक्षा व्यवस्था, वित्तीय स्थिति, स्वीकृत एवं रिक्त पदों की स्थिति, रॉस्टर प्रणाली, विश्वविद्यालय की उपलब्ध एवं बिल्टअप भूमि आदि के बारे में विस्तृत जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भारत आदिकाल से ज्ञान का कोष रहा है। उन्होंने भारद्धाज ऋषि सहित अन्य का उदाहरण देते हुए उनके लिखे ग्रंथों का उल्लेख किया। उन्होंने ऐसी पुस्तकों को विश्वविद्यालय के पुस्तकालय में रखने तथा उनका अध्ययन करने तथा अनुसंधान करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि इससे युवा पीढ़ी में देश के प्रति प्रेम और सम्मान का भाव बढ़ेगा। राज्यपाल ने कहा कि भारत में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं हैं। अमरिका सहित पूरा विश्व भारतीय टेलेन्ट पर निर्भर है। यही वजह है कि 1998 के परमाणु परीक्षण के बाद अमरिका की ओर से लगाए गए प्रतिबंधों के बावजूद भारत पर अधिक प्रभाव नहीं पड़ा और वर्तमान में चल रहे हालातों में भी भारत मजबूती से खड़ा है। बागडे ने विश्वविद्यालय की ओर से गोद लिए गए गांवों में संचालित गतिविधियों की जानकारी ली। गोद लिए गांवों में स्वच्छता आदि गतिविधियां चलाना ही पर्याप्त नहीं हैं। वहां का समूचा वातावरण बदलना चाहिए।

इन गांवों में महाविद्यालयों के विद्यार्थियों, सेवानिवृत्त अधिकारियों-शिक्षकों, कार्मिकों आदि को जोड़ते हुए प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों को कहानी-प्रेरक किस्सों आदि के माध्यम से शिक्षित-दीक्षित करने की दिशा में काम किया जाना चाहिए, ताकि उनकी नींव मजबूत हो और वे जिम्मेदार नागरिक बन सकें। इसी से गांव का परिदृश्य बदलेगा। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति भी पूर्व प्राथमिक एवं प्राथमिक स्तर पर बच्चों को अपने लोकल परिवेश के साथ जोड़ते हुए पढ़ाने की पक्षधर है।

## श्रीगणेश मंदिर में मंदिर समिति द्वारा जागरण का आयोजन

**टोंक (हुक्मनामा समाचार)।** श्रीअन्नपूर्णा गणेश मंदिर प्रन्यास समिति के तत्वाधान में श्रीगणेश जी विदाई कार्यक्रम के अंतर्गत समिति के संरक्षक मठाधीश महंत कैलाशपुरी के सानिध्य में गुरुवार को रात्रि जागरण का आयोजन किया गया। समिति के अध्यक्ष महेंद्र कुमार



बैरवा, उपाध्यक्ष विजय तसेरा एवं प्रवक्ता प्रेम रघुवंशी ने बताया कि रात्रि जागरण का शुभारंभ भगवान गणेश जी की मंदिर के प्रमुख पुजारी दीपक पुरी एवं पंडित ओम बाबा के सानिध्य में पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इस अवसर पर भजन मंडली के गायक कलाकारों जिनमें बना, भंवर भाई, सुनील एवं छोटू भाई आदि ने अपनी भजन प्रस्तुतियां देकर वातावरण भक्तिमय कर दिए जाने पर श्रोतागण नाचने पर मजबूर हो गए। प्रातः चार बजे भगवान गणेश जी की आरती की गई एवं शुक्रवार को मंदिर परिसर में सायंकाल भक्तगणों को प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर समिति के कोषाध्यक्ष कमलेश वैष्णव, आरएएनए पहाडि़या, महामंत्री कालूराम सैनी, लखन सेनी, भगवान प्रजापत, सुनील सैनी, दिया गोस्वामी, गुड्डी देवी, पुनीत पूरी आदि मौजूद रहे। प्रवक्ता प्रेम रघुवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि मंदिर समिति के निर्णय अनुसार भगवान गणेश जी के जन्मोत्सव के अंतर्गत महीने की प्रत्येक चतुर्थी पर रात्रि जागरण वर्ष पर्यंत किए जाएंगे, जिसकी पूर्णाहुति अनंत चतुर्थी गणेश उत्सव के मौके पर विशाल भजन संध्या का आयोजन कर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आगामी वर्ष में श्रीगणेश चतुर्थी के अवसर पर भव्य आयोजन मंदिर समिति के तत्वाधान में किय जायेंगे।

*'महायज्ञ में विप्र समाज को निमंत्रण देने के लिए आए स्वामी जी'*

## आतंकवाद शमन के लिए 200 कुण्डीय शत गायत्री पुरश्चरण महायज्ञ होगा: स्वामी प्रखर महाराज

**श्रीगंगानगर (हुक्मनामा समाचार)।** आतंकवाद के शमन, हिन्दू राष्ट्र, निर्माण और विश्व शांति के लिए गायत्री शक्ति पीठ (मणि वेदिकापीठ) पुष्कर में वर्ष 2026 मार्च माह में होने वाले 200 कुंडीय शत गायत्री पुरश्चरण महायज्ञ में निमंत्रण देने के लिए राष्ट्रीय संत स्वामी प्रखर महाराज श्रीगंगानगर आए। उन्होंने बताया कि गायत्री शक्तिपीठ मणि वेदिका पीठ पुष्कर धाम में 1700 विद्वान ब्राह्मणों द्वारा 43 दिवसीय 200 कुण्डीय विराट शत गायत्री पुरश्चरण महायज्ञ का आयोजन 8 मार्च से शुरू होगा, जो 19 अप्रैल तक चलेगा। इस महायज्ञ में 27 करोड़ गायत्री मंत्रों की आहुतियां दी जाएंगी और 200 यज्ञ कुंडों पर 200 भाग्यशाली ब्राह्मण यजमान भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि इस महायज्ञ से जो शक्तिशाली आध्यात्मिक ऊर्जा सृजित होगी, उसका लाभ न केवल भारत को मिलेगा बल्कि सम्पूर्ण विश्व में धर्म विरुद्ध कार्य करने वालों का मन भी अवश्य परिवर्तित हो जाएगा। उन्होंने कहा कि यज्ञ धार्मिक अनुष्ठान भर के लिए नहीं होते हैं, बल्कि सामूहिक एकजुटता का संदेश भी देते हैं। गौतम आश्रम में आयोजित विप्र समाज की बैठक में इस अवसर



पर धर्म संघ महाविद्यालय के कल्याण स्वरूप महाराज ने कहा कि इस एतिहासिक गायत्री महायज्ञ में श्रीगंगानगर शहर भी अपनी भागीदारी निभाएगा, जिसके लिए यह बैठक आयोजित की गई है। गायत्री मंत्र की शक्ति ही ब्राह्मण को बल, संस्कार, रोजगार और यश-कीर्ति प्रदान करती है। रायसिंहनगर धर्म संघ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सज्जन प्रसाद तिवाड़ी ने गायत्री मंत्र की महत्ता और यज्ञ के अलौकिक लाभों के बारे में बताया। उन्होंने विप्र समाज से महायज्ञ में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान किया। मंच संचालन विप्र फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष मदन जोशी ने किया। इसके बाद तीन पुली के आगे मोहनपुरा रोड पर श्री धर्म संघ संस्कृत महाविद्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए स्वामी प्रखर जी महाराज ने कहा कि गायत्री पुरुष चरण के इस 200 कुंडी के महायज्ञ में लगातार आहुतियां दी जाएगी, इससे न केवल विश्व में शांति की स्थापना होगी, साथ ही साथ राष्ट्र हित्त को सामने रखते हुए भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने की दिशा में भी संकल्प मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि यज्ञ की आहुतियां से निकली ऊर्जा से इस समग्र विश्व का कल्याण होगा । गौतम आश्रम में हुई बैठक में नानूराम पिरगावत, डॉ. ओमप्रकाश शर्मा, डॉ. पवन पारीक, ओपी जोशी, योगेन्द्र जोशी, जगदीश गौड, पवन गौतम, मनोहर लाल शर्मा, रविन्द्र उपाध्याय, मोहनलाल पंचारिया, बनवारी लाल शर्मा, केसी आसोपा, सुबोध खनडेलवाल, लीला शंकर सारस्वत, मनीराम उपाध्याय, गोपाल जोशी, एडवोकेट राजेन्द्र शर्मा, डॉ. विष्णु पुरोहित, महेश सारस्वत, राजन शर्मा, गोपाल जोशी, मनोज कपिल, अनिल शर्मा, भीष्म शर्मा, देवीलाल जोशी सहित विप्र समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## शिक्षक संघ राष्ट्रीय का दो दिवसीय शैक्षिक सम्मेलन शुरू

### शिक्षक समाज का आइना : रामलाल शर्मा

**जमवारामगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय(जयपुर द्वितीय) का दो दिवसीय जिला शैक्षिक सम्मेलन शुक्रवार दिनांक 26 सितंबर को चोमू मोरीजा स्थित प्रेम पैलेस में शुरू हुआ। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा जमवारामगढ़ के पूर्व मंत्री जगदीश प्रसाद शर्मा ने बताया की शुक्रवार को सुबह 11.00 बजे सम्मेलन का बोद्धिक सत्र शुरू हुआ। मुख्य वक्ता प्रांत संपर्क प्रमुख विवेक गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि विधान से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विवेक गुप्ता ने बोद्धिक सत्र में जिला सम्मेलन में उपस्थित



शिक्षकों को संबोधित किया। पीटीआई जगदीश प्रसाद शर्मा ने बताया की सुबह 1.00 बजे सम्मेलन का उद्घाटन सत्र शुरू हुआ। जिसमें पूर्व सांसद सुमेधानंद सरस्वती ने शैक्षिक सम्मेलन का विधिवत उद्घाटन किया। प्रदेश प्रवक्ता (भाजपा) व पूर्व विधायक चौमू रामलाल शर्मा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे। शैक्षिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए चौमू के पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने कहा की शिक्षक समाज का आइना है। शैक्षिक सम्मेलन के पर्यवेक्षक एवं संरक्षक राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उमराव लाल वर्मा व संपादक शिक्षक संदेश नवीन शर्मा ने शिक्षकों को संबोधित किया। सम्मेलन में शैक्षिक उन्नयन के लिए विशेष परिचर्चा, शिक्षकों समस्याओं को लेकर मंथन तथा आगामी 6,7, एवं 8 अक्टूबर को जामडोली में आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन को लेकर भी चर्चा हुई।

### शारीरिक शिक्षक व वुशू कोच प्रमोद बैरागी विधालयी राज्य स्तरीय वुशू प्रतियोगिता में निर्णायक नियुक्त



**जमवारामगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** वुशू कोच एवं शारीरिक शिक्षक प्रमोद बैरागी को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल में शामिल करने पर जमवारामगढ़ उपखंड क्षेत्र में खुशी की लहर है। खासकर खेलप्रेमियों एवं शिक्षक वर्ग में पीटीआई रामेश्वर मीणा, जगदीश प्रसाद शर्मा एवं महावीर सिंह मीणा सहित शारीरिक शिक्षकों ने विशेष खुशी जाहिर करते हुए बैरागी को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है। कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा बीकानेर राजस्थान द्वारा महात्मा गांधी राजकीय मल्टीपरपज विधालय गुमानपुरा कोटा में 30 सितंबर से 6 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय वुशू प्रतियोगिता छात्र/छात्रा वर्ग (17/19) वर्ष के सफल आयोजन हेतु राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गांवली के शारीरिक शिक्षक प्रमोद बैरागी को निर्णायक नियुक्त किया गया है। सभी खेल प्रेमियों ने निर्णायक नियुक्त होने पर खुशी जाहिर है।

## उखलाना पंचायत द्वारा आवंटित खेल मैदान पर दबंगों ने किया अतिक्रमण

# मुख्यमंत्री कार्यालय से खेल मैदान को अतिक्रमण मुक्त कराने के कलक्टर टोंक को दिए आदेश

**सवाई माधोपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जिले के निकटवर्ती टोंक की अलीगढ़ तहसील के ग्राम उखलाना में ग्राम पंचायत उखलाना द्वारा राजकीय विद्यालय के निकट सरकारी भूमिका का खेल मैदान हेतु आवंटन कर खेल मैदान की स्वीकृति हेतु जिला परिषद टोंक को तकमीना व प्रस्ताव बनाकर भेज दिया था। गांव के जागरूक लोगों ने बताया कि उक्त खेल मैदान की सरकारी भूमि पर कुछ प्रभाव शाली दबंग लोगों ने जबरन अतिक्रमण कर लिया जिसकी कई बार मौखिक व लिखित शिकायतें जिला प्रशासन को की गई लेकिन किसी अधिकारी ने खेल मैदान को अतिक्रमण मुक्त कराने में कोई रुचि नहीं दिखाई। ग्रामीणों ने बताया कि गत 6 अगस्त को मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर चकचैनपुरा सवाई माधोपुर पहुंचे तो उन्हें ग्राम पंचायत उखलाना प्रशासक के नेतृत्व में ग्रामीणों ने ज्ञापन देकर खेल मैदान को अतिक्रमण मुक्त कराने तथा खेल मैदान स्वीकृति दिए जाने की मांग की। मुख्यमंत्री ने उखलाना ग्रामीणों की मांग को गंभीरता से लेते हुए 6अगस्त25 को ही जिला कलक्टर टोंक को पत्र भिजवाकर अविलंब कार्यवाही के निर्देश दे दिए। मुख्यमंत्री के विशेषाधिकारी प्रेम चंद सोलंकी द्वारा लिखे गए पत्र के बाद टोंक कलक्टर भी हरकत में आए और उन्होंने अपने अधीनस्थों को शायद शीघ्र उचित कार्यवाही के निर्देश दे दिए। इस



कार्यवाही के चलते तहसीलदार अलीगढ़ ने 12 सितम्बर को नायब तहसीलदार सौंप के नेतृत्व में 2भू अभिलेख निरीक्षकों तथा 6पटवारियों की एक टीम बनाकर 23 सितम्बर को उखलाना ग्राम के खेल मैदान की खसरा नंबर 2605/196 से अतिक्रमण हटाने के आदेश दे दिए। तहसीलदार ने उपजिला कलक्टर उनियारा को अतिक्रमण हटाने के आदेश की प्रति भेजकर 20 पुलिस कांस्टेबल पुरुष तथा 10 महिला कांस्टेबल अतिक्रमण हटाने वाली राजस्व विभाग टीम को उपलब्ध कराने की बात कही वहीं तहसीलदार ने उखलाना पंचायत को भी आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने को कहा था। लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि इतनी कागजी कार्यवाही होने के साथ ही कलक्टर और मुख्यमंत्री कार्यालय के आदेश अतिक्रमणकारियों के सामने पूरी तरह बोने साबित हो गए ,क्यों कि आजतक तहसीलदार द्वारा गठित 9 सदस्यीय टीम गांव में जाकर खेल मैदान को अतिक्रमण मुक्त कराने की हिम्मत नही जुटा पाई है।

## एक नजर

### आज जिले के विभिन्न गांवों में आयोजित होंगे ग्रामीण सेवा शिविर

**श्रीगंगानगर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा के अनुसार ग्रामीणों की समस्याओं का निदान गांव में ही हो, इस बात को लेकर सरकार द्वारा ग्रामीण सेवा शिविर 2025 प्रारम्भ किये गये हैं। जिला कलक्टर डॉ. मंजू ने बताया कि जिले के विभिन्न उपखण्ड क्षेत्रों की विभिन्न ग्राम पंचायतों में ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित किये जा रहे हैं, जिसमें 16 विभिन्न विभागों के अधिकारी मौके पर रहकर आमजन की समस्याओं का निदान करेंगे। जिला कलक्टर ने समस्त उपखण्ड अधिकारियों को निर्देशित किया है कि ग्रामीण सेवा शिविर को गंभीरतापूर्वक लेकर अधिकतम समस्याओं का मौके पर ही निष्पादन किया जाये। **शनिवार को इन गांवों में लगेंगे ग्रामीण सेवा शिविर**-उपखण्ड गंगानगर में 27 सितम्बर को गांव संगतपुरा एवं दौलतपुरा में, उपखण्ड रायसिंहनगर में गांव 22 पीएस एवं फोजूवाला में, उपखण्ड पदमपुर के गांव 1पीएस एवं फकीरवाली में, उपखण्ड विजयनगर क्षेत्र के गांव मसानीवाला एवं मघेवाली ढ़ाणी में, उपखण्ड सूरतगढ़ क्षेत्र के गांव उदयपुर गोदारान एवं 1एलएम, उपखण्ड श्रीकरणपुर के गांव 25 एच एवं गुरूसर, उपखण्ड घडसाना के गांव 7 एमएलडी एवं 4 केपीडी, उपखण्ड सादुलशहर के गांव मोरजण्ड खारी एवं मम्मड़खेड़ा में शिविर आयोजित किये जायेंगे।

*श्यामा राज एक्ट्रेस,डायरेक्टर प्रोड्यूसर ने की प्रेस कॉन्फ्रेंस*

### मूवी(एक अधूरा प्रेम चैप्टर) आगामी फिल्म के बारे में विस्तार से की चर्चा

**सवाई माधोपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जला मुख्यालय के आलनपुर स्थित एक मैरिज गार्डन में शुक्रवार दोपहर तीन बजे टीवी कलाकार श्यामा राज,डायरेक्टर हेमंत कुमार शर्मा, प्रोड्यूसर आशीष नरवाल क्रिएटिव डायरेक्टर प्रिया शर्मा द्वारा एक प्रेस कॉन्फ्रेंस रखी गई। जिसमें डायरेक्टर हेमंत शर्मा ने अपनी आगामी फिल्म के बारे में विस्तार से चर्चा की उन्होंने बताया कि यह मूवी ह्ष्ठस्र प्रोडक्शन के द्वारा बनाई जा रही हे। जिसमें लीड रोल श्यामा राज़ एक्ट्रेस का होगा। जिन्होंने शिव शक्ति,रामायण वीर हनुमान अन्य कई टीवी शो में अपना किरदार निभाया हे । जिसके बाद अब ये हमारी आने वाली मूवी में भी अपना किरदार निभाएंगी । प्रोड्यूसर का कहना है कि चार साल से ज्यादा इनके कैरियर को हो चुका हे।इस मूवी की शूटिंग को दिसंबर ओर जनवरी तक सवाई माधोपुर में पूरा करने का लक्ष्य हे या आगे थोड़ा समय ओर लग जाए। उन्होंने बताया कि इस मूवी की पूरी शूटिंग सवाई माधोपुर में ही होगी। उनका कहना हे कि यह फिल्म पूरे राजस्थानी कल्चर के ऊपर बनाई जाएगी। वही फिल्म की एक्ट्रेस जो बिहार की निवासी हे जिनको शुरू से ही टीवी सीरियल ओर फिल्मों में में काम करने का जज्बा था। एक्ट्रेस श्यामा राज अपनी मेहनत के बल पर मुकाम हासिल किया और मुंबई पहुंचकर टीवी सीरियल में अपना किरदार बखूबी निभाकर काम।किया ।श्यामा राज ने अबतक शिव शक्ति,रामायण,,वीर हनुमान जैसे प्रचलित टीवी सीरियल में अपना किरदार निभाया ओर अब फिल्म के पर्दे पर अपना किरदार निभाने के लिए तत्पर हे।

### डिप्टी सीएम ने किया बस स्टेण्ड का निरीक्षण

#### फैली गंदगी एवं अव्यवस्थाओं को देखकर की नाराजगी जाहिर

**टोंक (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान सरकार के उप-मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा शुक्रवार को टोंक रोड़वेज बस स्टैंड का आकस्मिक निरीक्षण किया। प्रेमचंद बैरवा ने बस स्टैंड पर फैली गंदगी एवं अव्यवस्थाओं को देखकर नाराजगी जाहिर की। पीएम मोदी के कार्यकाल



की तारीफ करते हुए कहा कि यह बदला हुआ भारत है, देश में पिछले दस सालों में तस्वीर बदली है। उप-मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने बस स्टैंड पर झाड़ू लगाकर की स्वच्छता का संदेश दिया। उप-मुख्यमंत्री बैरवा ने कहा कि आज देश विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है, आज हमारी ताकत का लोहा पूरी दुनिया मान रही है । मोदी के कार्यकाल में पिछले दस सालों में जो भी कहा वह हुआ है, राम मंदिर के निर्माण से लेकर गांव में अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति के विकास को लेकर केन्द्र एवं राज्य सरकार की अनेकों योजनाएं है। इससे पूर्व उप-मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा के टोंक आगमन पर भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान के नेतृत्व में स्वागत किया गया। इस अवसर पर उप-मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने भाजपा जनसेवा संवाद केंद्र पर भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। उप-मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि राजस्थान सरकार प्रत्येक क्षेत्र में विकास को लेकर अग्रसर है। आज मोदी जी के नेतृत्व में देश मजबूत हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज सरकार बनने का श्रेय किसी को जाता है तो वह कार्यकर्ताओं को जाता है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचने का आह्वान किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान, जिला प्रमुख सरोज बंसल, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पराना, गणेश माहुर, जिला महामंत्री विष्णु शर्मा, प्रभु बाडोलिया, दीपक संगत, नरेश बंसल, जिला उपाध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी, प्रधान काबरा, कोषाध्यक्ष महेंद्र सिरोठा, जिला मंत्री हरिराम यादव, तरुण टिक्किवाल, मीडिया प्रभारी कमलेश यादव, विनायक जैन, पंकज पहाडि़या, हनुमान बैरवा एवं देवराज गुर्जर आदि मौजूद थे।

### श्री जी के दर्शन, अभिषेक, पूजन स्वाध्याय विनय पूर्वक करना चाहिए, विनय मोक्ष का द्वार है :वर्धमान सागर

**टोंक (हुक्मनामा समाचार)।** आचार्य वर्धमान सागर महाराज ने कहा कि भगवान की जय जयकार आप करते हैं, जय जयकार भगवान के गुणों की जाती है। जयकार करने का उद्देश्य यही होता है कि हम भी भगवान, आचार्य साधु परमेष्ठि के गुणों को प्राप्त करें। जिस प्रकार अंधेरे को प्रकाश दूर करता है। इसी प्रकार अज्ञान रूपी अंधकार जिनवाणी श्रुत से दूर होता है। कोई भी धार्मिक कार्य चाहे दर्शन हो, पूजन हो, अभिषेक हो, स्वाध्याय हो, आहार देना हो आप को बिना आकुलता के विधि पूर्वक विनय पूर्वक करना चाहिए। संसारी प्राणी धार्मिक कार्यों में जल्दबाजी करता है, जबकि व्यापार करना हो तो पूरी एकाग्रता रहती है, धैर्य रखते हो, ग्राहक का भी आप विनय करते हो, किंतु मंदिर आने पर भगवान की, आचार्य, साधु परमेष्ठी, जिनवाणी कि आप विनय नहीं करते हैं, जबकि विनय मोक्ष का द्वार कहा गया है। अभी मुनि चिंतन सागर महाराज ने आपको अपने चिंतन से बतलाया कि भगवान को अर्ध्य द्रव्य कैसे चढ़ाना चाहिए तथा उनका क्या आशय मतलब है । इस बारे में आपको विस्तृत रूप से बतलाया हैं।

**BOHRA INDUSTRIES LIMITED**
CIN: L24117RJ1996PLC012912
Registered Office: 301, Anand Plaza, University Road, Udaipur, Rajasthan 313001
Email id: bil@bohraindustries.com, Phone: +91-294-2429513; Fax: +91-294-2429515
Website: http://www.bohraindustries.com

**CORRIGENDUM**

to the Notice of the 29th (Twenty-Ninth) Annual General Meeting (AGM) of the members of Bohra Industries Limited (CIN: L24117RJ1996PLC012912) scheduled to be held on Tuesday, 30th September 2025 at 01:00 P.M. through Video Conferencing (VC) / Other Audio Visual Means (OAVM) to transact the business as set out in the said Notice dated 7th September 2025.
It is hereby informed that:
The second item under Ordinary Business in the AGM Notice, pertaining to the appointment of Mr. Krishna Agarwal (DIN: 09402238), who was liable to retire by rotation and had offered himself for re-appointment, shall stand withdrawn.
This is due to the fact that Mr. Krishna Agarwal has tendered his resignation from the Board of Directors with effect from 12th September 2025, prior to the date of the AGM. Accordingly, the said resolution will not be placed before the members for approval.
Members are requested to take note of the following modifications in the AGM Notice:
1.Ordinary Business – Item No. 2 relating to the re-appointment of Mr. Krishna Agarwal is deleted.
2.Note No. 19 in the Notice stands removed.
3.The subsequent agenda items (from Item No. 3 to Item No. 6 in the Explanatory Statement) shall be renumbered sequentially.
The Members are requested to read the AGM Notice dated September 07, 2025 in conjunction with this Addendum/Corrigendum for modifications and/or insertions in the Explanatory Statement of the AGM Notice as mentioned above.
All other contents of the AGM Notice, save and except as modified and/or inserted by this Addendum/corrigendum, shall remain unchanged.
This Corrigendum is also being published in the Financial Express (English Language) and Hukmnama Samachar(Hindi Language) and will also be made available on website of Stock Exchangei.e.National Stock Exchange of India Limited and on the website of the Company at: www.bohraindustries.com.

By Order of the Board of Directors
of **Bohra Industries Limited**
Sd/- Anshu Kumari Agarwal
Company Secretary & Compliance Officer

Place : Udaipur
Date : 26.09.2025